एक नजर में

## नदारत मिले शिक्षकों पर की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ग्राम कुशगर खिरक में पाठशाला बंद पाए जाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार निशांत चौरसिया ने शासकीय प्राथमिक शाला कुशगर खिरक का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उक्त प्राथमिक शाला बंद पाई गई। नायब तहसीलदार चौरसिया ने जांच कर पंचनामा तैयार किया एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर शाला में पदस्थ शिक्षक प्रकाश चंद्र यादव एवं श्रीमति रानी श्रीवास्तव पर 2-2 वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इसीक्रम में शासकीय सांदीपनी स्कूल जतारा के संकुल प्राचार्य राकेश कुमार अहिरवार एवं जनशिक्षक अनुराग श्रीवास्तव को उनके संकुल अंतर्गत स्कूल बंद पाए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर श्रोत्रिय निर्देशित किया कि भविष्य में भी यदि पाठशाला का संचालन नहीं होता है और यदि शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते हैं तो संबंधित संकुल प्रभारी और डीपीसी इसके लिए ज़िम्मेदार होंगे।


# रामगढ़ में बन रहे अवैध हथियार एमपी सहित अन्य राज्यों में हो रहे थे सप्लाई

**भोपाल क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर किया पर्दाफाश**

**पिता, पुत्र सहित नाती बनाता था अवैध हथियार**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी पर छापामार कार्यवाही यहां चल रही गतिविधियों का भंडाफोड़ किया है। जिसमें भोपाल क्राइम ब्रांच के दल के साथ स्थानीय जतारा थाना पुलिस टीम भी शामिल रही। हालाकि क्राइम ब्रांच एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इस कार्यवाही को लेकर मीडिया से दूरियां बनाए रखी। कार्यवाही के अगले दिन क्राइम ब्रांच ने इस मामले का खुलासा कर दिया है।**

भोपाल क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि टीकमगढ़ के जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ में दादा, बेटा और नाबालिग पोते द्वारा अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। जिसमें दोनों अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। फैक्ट्री दूरस्थ वेयरहाउस में लगाई गई थी आरोपी सुरेंद्र और परिवार ने हथियारों का निर्माण स्थानीय स्तर पर करते हुए प्रदेश के बाहर विशेषकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई की जा रही थी। टीम ने फैक्ट्री से लेथ, वेल्डिंग, ड्रिल मशीनें, देसी पिस्टल और तीन अधूरी पिस्टल सहित कई कलपुर्जे जब्त किए है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुछ शातिर अपराधी वाहन चोरी एवं अवैध हथियारों से जुड़े हुए हैं और भोपाल के निशातपुरा





क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने दबिश दी और तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। इनके कब्जे से तीन वाहन बरामद किए गए जिन्हें हनुमानगंज थाने के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मुख्तार खान हथियारों की अवैध सप्लाई में शामिल है। उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली



गई जिसमें उसके पास से पिस्टल बरामद हुई। मुख्तार खान ने खुलासा किया कि पिस्टल उसे सुरेंद्र विश्वकर्मा से मिली थी। सुरेंद्र ने टीकमगढ़ में एक उन्नत स्तर की अवैध हथियार फैक्ट्री स्थापित की। जांच में यह सामने आया कि सुरेंद्र और उनका परिवार वर्षों से अवैध शस्त्र निर्माण में संलिप्त रहा है।सुरेंद्र का पिता आनंदी विश्वकर्मा लगभग 40 वर्षों से लेथ मशीन के माध्यम से ट्रॉली और कृषि उपकरण निर्माण के नाम पर हथियार बनाता रहा। उसकी तकनीक उसने अपने फु लेरा निवासी रिश्तेदार से सीखी थी। आनंदी विश्वकर्मा ने अपने पूरे परिवार को अवैध गतिविधियों में शामिल किया। सुरेंद्र के जेल जाने के बाद भी परिवार ने हथियार निर्माण जारी रखा। इसके अलावा उसके नाबालिग पोते और बेटा धर्मेंद्र भी इस कार्य में लगे थे। जब सुरेंद्र और उसका बेटा पहले स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार हुए तब भी यह काम बंद नहीं किया गया।

सुरेंद्र ने हथियार बनाने के लिए उन्नत मशीनों और उपकरणों के साथ फैक्ट्री स्थापित की। पहले केवल कलपुर्जे बाहर से लाकर असेंबल किए जाते थे लेकिन अब सभी कलपुर्जे स्थानीय स्तर पर बनाए जा रहे थे। इस कार्यवाही को लेकर स्थानीय लोग जतारा पुलिस से कई सबाल कर रहे है।

### जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस कार्यवाही के बाद आम लोगों ने जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है। उन्होनें कहा कि भोपाल की क्राइम ब्रांच की टीम यहां कार्यवाही करती रही और जतारा थाना प्रभारी एवं संबंधित बीट प्रभारी को इस कार्यवाही की भनक नही लगी इससे जतारा पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। अधिकारियों से बात करुगां।

### 5 आरोपियों के नाम उजागर, एक आरोपी फरार

टीकमगढ़ जिले के थाना जतारा अंतर्गत आने बाले ग्राम रामगढ में भोपाल से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में बताया कि आरोपी मुख्तार खान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सैफअली उर्फरिंकू, मुमताज अली और आनंदी विश्वकर्मा के नाम इसमें शामिल है जबकि एकआरोपी नरेन्द्र प्रताप सिंह परमार फरार है। टीम ने मौके से लेथ मशीनें, वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन मिलिंग मशीन, ब्लेंडर मोटर, देसी पिस्टल, तीन अधूरी पिस्टल, बैरल, लोहे के फ्रेम, ट्रिगर, स्लाइडर, कारतूस, मैगजीन,बट की लकड़ी और अन्य कलपुर्जे जब्त किए हैं।

### आदतन अपराधी है सुरेंद्र विश्वकर्मा

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस कारोबार में सुरेंद्र ने अपने परिचित को पार्टनर बनाया और उसे 20 .000 प्रति माह किराया दिया। निर्माण का काम परिवार के सदस्य करते थे जबकि ग्राहक संपर्क और वितरण कुछ सहयोगियों के माध्यम से किया जाता था। सुरेंद्र विश्वकर्मा पूर्व में लूट के प्रकरण में 7 वर्ष की सजा काट चुका है। जनवरी 2025 में जेल से रिहा होने के बाद उसने पुन: अवैध शस्त्र निर्माण शुरू किया।

## मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 24 घंटों में आधा इंच औसत बारिश दर्ज की गई। पलेरा और बल्देवगढ़ तहसील में आधा.आधा इंच वर्षा हुई। मौसम में बदलाव से दिन का तापमान 34.6 से घटकर 32.3 डिग्री और रात का तापमान 26.4 से 25.02 डिग्री तक पहुंच गया है। विभाग ने आज दोपहर बाद बारिश की संभावना जताई है।**

जिले में अब तक 48.9 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 14.5 इंच अधिक है। पिछले वर्ष इसी समय 34.4 इंच वर्षा दर्ज की गई थी। जिले का सामान्य औसत 40 इंच है जिससे इस वर्ष 8.9 इंच अधिक वर्षा हुई है।भू अभिलेख कार्यालय के अनुसारए सर्वाधिक वर्षा पलेरा तहसील में 68.2 इंच दर्ज की गई। टीकमगढ़ में 59.6 इंच, मोहनगढ़ में 56.5 इंच, खरगापुर में 50 इंच, बल्देवगढ़ में 46 इंच, जतारा में 42.6 इंच और लिधौरा में 41.5 इंच वर्षा हुई। सबसे कम बारिश बड़गांव तहसील में 33 इंच रिकॉर्ड की गई।बान सुजारा बांध के सभी 12 गेट 28 अगस्त को बंद कर दिए गए हैं। अधिक बारिश से जिले के सभी कुएं और तालाब लबालब भर गए हैं। बदलाव से दिन का तापमान 34.6 से घटकर 32.3 डिग्री और रात का तापमान 26.4 से 25.02 डिग्री तक पहुंच गया है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125वां संस्करण प्रसारित हुआ। जिले के 808 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को देखा।**

नगर मंडल के 47 बूथ पर केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का प्रसारण देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने का संदेश दिया है। उन्होंने देशी उत्पादों को खरीदने और स्वच्छ समाज बनाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में खेलो इंडिया में महिला एथलीट्स के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं में भारतीय सेना के रेस्क्यू ऑपरेशन का जिक्र किया। जम्मू-कश्मीर में पुलवामा में डे.नाइट मैच और डल झील में वॉटर स्पोर्ट्स के आयोजन को भी उन्होंने याद किया। किसानों की आय में सोलर पैनल के योगदान को भी रेखांकित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, अशोक गोयल समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे। डुमरऊ भाटा बूथ पर जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे, बूथ 85 पर अश्विनी चढ़ार और शक्ति सिंह राय तथा बूथ 59 पर शुभम व्यास ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम देखा। जिले के 808 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को देखा।

## नपा ने की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका ने अस्पताल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। नगर पालिका ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे रखी गुमटियों और हाथ ठेलों को हटाया। कुछ दुकानदारों ने इस कार्यवाही का विरोध किया।**

एक सप्ताह पहले इसी चौराहे पर एक ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। दुकानदारों को अपनी दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए थे। बार.बार समझाने के बावजूद दुकानदार अस्पताल के मुख्य गेट के आसपास ही गुमटियां और हाथ ठेले लगा रहे थे।

कुछ दुकानदार मौके पर पहुंचकर अपने हाथ ठेले और गुमटियां खुद ले गए। नगर पालिका ने दुकानदारों को जेल के सामने बने हॉकर्स जोन में दुकान लगाने की अनुमति दी है। अस्पताल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। नगर पालिका ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे रखी गुमटियों और हाथ ठेलों को हटाया।

## 10 सितम्बर तक कराएं ऑनबोर्ड

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।**

प्रवेश हेतु नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## 2 लाख रुपए की लागत से होगा शेड निर्माण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोमवार को टीकमगढ विधानसभा क्षेत्र के एक ग्रामीण अंचल में विधायक निधि के कार्य का भूमिपूजन किया गया यह निर्माण कार्य दो लाख रूपए की लागत से कराया जाएगा। ग्रामबासियों ने भूमिपूजन के दौरान उक्त कार्य की जमकर सराहना की है। विधानसभा के कुंवरपुरा में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर के पास 2 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहें शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला सम्मिलित हुए ।**

इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, सूर्य प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष संजय नायक, आलोक चतुर्वेदी, बंटी राजा, लाला राम दुबे,संजय खरे , शेलू शुक्ला , सरपंच अखिलेश बिदुआ, सुनील जैन सचिव,अजय



बिदुआ रोजगार सहायक , पार्षद अनीश अहमद ,फरीद खान, जसवंत , देवी लाल अहिरवार , गिरधारी लाल कोरी ,नीतेश बिलगईयां,बृजेश तिवारी सहित स्थानीय जन एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहें। विधानसभा क्षेत्र के एक ग्रामीण अंचल में विधायक निधि के कार्य का भूमिपूजन किया गया यह निर्माण कार्य दो लाख रूपए की लागत से कराया जाएगा।

विधानसभा के कुंवरपुरा में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर के पास 2 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहें शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला सम्मिलित हुए ।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर हुए हमले का जताया विरोध

**कांग्रेस विधायक के साथ जिलाध्यक्ष ने दिया ज्ञापन**

**हमले के विरोध में जमकर किया प्रदर्शन**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने एसपी मनोहर मंडलोई को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। सोमवार को टीकमगढ़ के कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के साथ पार्टी जिलाध्यक्ष नवीन साहू सहित कार्यकर्ताओ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन दिया इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए उक्त घटना क्रम की कड़ी निंदा की है।**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि 31 अगस्त को



रतलाम में जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। उन्होंने कहा कि पटवारी पर पहले भी इस तरह के हमले हुए हैं।साहू ने कहा कि पटवारी नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। वे प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण उन पर बार.बार हमले हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नशे के कारोबारियों के भाजपा नेताओं के साथ संबंधों के फेटो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। उनका आरोप है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महामंत्री संजय नायक, नगर अध्यक्ष भगत राम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इसरार मोहम्मद और राजीव जैन समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले का विरोध किया।

कार्यकर्ताओं ने एसपी मनोहर मंडलोई को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने इस समूचे घटना क्रम की कड़ी निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की । सोमवार को टीकमगढ़ के कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के साथ पार्टी जिलाध्यक्ष नवीन साहू सहित कार्यकर्ताओ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन दिया इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए उक्त घटना क्रम की कड़ी निंदा की है।

**बैठक** — कलेक्टर ने टीएल की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

# सांसद निधि एवं मनरेगा से कराएं मुक्तिधामों का निर्माण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में एक अभिनव पहल के तहत केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार की सांसद निधि तथा मनरेगा के अभिसरण से 100 से भी अधिक मुक्तिधामों का निर्माण किया जाएगा। विगत दिनों मातौल ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम नहीं होने की समस्या सामने आने पर संज्ञान लेते हुए जिले में मुक्तिधाम से वंचित गांवों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। जनपद स्तर से प्राप्त सूची अनुसार चिह्नित**



**100 से भी अधिक ग्रामों में सांसद निधि से मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।**

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार ने भी इस प्रस्ताव के लिए सहमति व्यक्त की है। श्री श्रोत्रिय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शीघ्र ही जिले की मुक्तिधाम से विहीन ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। बैठक में श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि आगामी मंगलवार 2 सितम्बर को लिधौरा तहसील में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से जनहित में एवं समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में श्री श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि जिले की एम्बुलेंस प्रणाली का रिव्यू कर निरंतर मॉनिटरिंग की जाये तथा एंबुलेंस से संबंधित शिकायतों की जांच कर त्वरित कार्यवाही की जाये। इस संबंध में विगत दिनों प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ़ को जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। श्री श्रोत्रिय ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश देते हुये कहा कि जिले के सभी स्कूल समय पर संचालित हों एवं शिक्षक समय पर उपस्थित रहें, यह सुनिश्चित करें। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित शिक्षकों सहित संकुल प्राचार्य पर भी कार्यवाही की जायेगी।

### यह अधिकारी बैठक में रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम श्रीमती संस्कृति-मुदित लिटौरिया, बल्देवगढ एसडीएम श्रीमती भारतीदेवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सैन्य गतिविधियों से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मॉ तुझे प्रणाम मध्यप्रदेश शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की द्वारा संचालित लोकप्रिय योजना मॉ तुझे प्रणाम योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र की सीमाओं की यात्रा के माध्यम से सीमा पर सैन्य गतिविधियों से अवगत कराना तथा उन्हें देशभक्ति एवं साहस की भावना से प्रेरित करना है।**

योजना के अन्तर्गत भारत की अन्तराष्ट्रीय सीमा पर 15 से 25 वर्ष के युवक एवं युवती भ्रमण हेतु आवेदन कर सकते है। युवक एवं युवती सीमाओं पर तैनात सेना के जवानो से मिलेगें तथा वह किस प्रकार वहां रह कर कैसे देश की रक्षा करते है व किन परिस्थितियों में रहते है ये सब वहॉ पर भ्रमण कर जानेगें। प्रत्येक विकास खण्ड से 05 युवक एवं 05 युवती एक एनसीसी, एक खिलाड़ी, स्काउट गाईड का चयन किया जायेगा।

## प्रतियोगिता में युवाओं को किया पुरस्कृत



**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में बीते सोमवार के दिन मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन को देखने नगर एवं ग्रामीण इलाकों से बडी संख्यां में लोग जुटे थे। आयोजन समिति के द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल युवाओं को पुरस्कृत भी किया गया।**

आयोजन समिति के द्वारा आमंत्रित मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में दर्जनों की संख्या मे युवाओं ने हिस्सा लिया। कई बार लगातार प्रयास करने के बावजूद भी मटकी नही फू ट पाई तब युवाओं ने नए तरीके से रणनीति बनाई और फिर मटकी को फोडन में युवाओं को सफलता मिली। कृष्ण जन्मआष्ट्मी के उपलक्ष में मटकी फोडने वाले युवा को नगद इनाम और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दीपनारायण यादव, जगदीश दादा अजय यादव,महेश यादव, विजेन्द्र यादव, तेज सिंह यादव , महेश यादव मौजूद रहे।